एक नजर

अभिभावक अपने पाल्यों के दैनिक क्रियाकलापों के प्रति सचेत रहें: सिद्धार्थ सिंह

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को अर्धवार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम के साथ अभिभावक-अध्यापक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से कक्षा 12 तक के अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने अभिभावकों से विचार-विमर्श करते हुए कहा कि बीएमपीएस का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को आधुनिक, जीवनोपयोगी और संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करना उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों के प्रति सचेत रहें, उनकी अच्छाइयों और कमियों को विद्यालय प्रबंधन के साथ साझा करें ताकि कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। साथ ही बच्चों के अनावश्यक मोबाइल उपयोग पर भी विशेष नजर रखने की आवश्यकता है। अभिभावकों ने अपने पाल्यों के परीक्षा परिणाम और विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था व अनुशासन पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान अभिभावकों द्वारा उठाई गई शिक्षा संबंधी समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की अति विशिष्ट सदस्या श्रीमती सुमन सिंह, सह प्रबंधिका खुशबू सिंह, सह प्रशासनिक सचिव शालिनी सिंह, प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन सहित सभी शिक्षकगण एम.पी. सिंह, बी.एन. यादव, अंजू श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, अजय त्रिवेदी, शिरीष तिवारी, रवीन्द्र सिंह, रोहिणी बाजपेयी, शिखा सिंह, विकास सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। यह जानकारी बीएमपीएस के जनसंपर्क अधिकारी यशबहादुर यादव ने दी।

26 एवं 27 नवम्बर को आयोजित होगा स्पर्श आउटरीच कार्यक्रम

रायबरेली। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली कर्नल सौरभ पन्त (अ.प्रा.) ने बताया कि स्पर्श सेवा केन्द्र, लखनऊ द्वारा 26 एवं 27 नवम्बर 2026 को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, रायबरेली में स्पर्श आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।रक्षा पेंशनभोगियों को जीवित प्रमाण पत्र जमा करने, शिकायतों के निस्तारण सहित स्पर्श से संबंधित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने जनपद के समस्त पूर्व सैनिकों, विधवाओं, वीर नारियों एवं आश्रितों से अपील की है कि संबंधित पेंशनभोगी डिस्चार्ज बुक, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पीपीओ, पंजीकृत मोबाइल एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ दोनों निर्धारित तिथियों में प्रातः 11:30 बजे जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

सवायजपुर को स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी सौगात, 1.84 करोड़ से बनेंगे चार नए सरकारी अस्पताल

हरदोई। सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू के प्रयासों से क्षेत्र में चार नए राजकीय होम्योपैथिक अस्पतालों के निर्माण को मंजूरी मिली है। इन परियोजनाओं पर कुल 1 करोड़ 84 लाख 63 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। अस्पतालों के निर्माण से करीब 25 गांवों की 50 से 60 हजार आबादी को स्थानीय स्तर पर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा।विधायक प्रतिनिधि डॉ. रजनीश त्रिपाठी के अनुसार, हरपालपुर विकासखंड के खसौरा गांव में 44 लाख रुपये तथा मिरगांवा में 53 लाख 5 हजार रुपये की लागत से अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा। इसी तरह साण्डी विकासखंड की ग्राम पंचायत श्रीमऊ में 42 लाख 62 हजार रुपये और भरखनी विकासखंड मुख्यालय के ग्राम में 44 लाख 96 हजार रुपये की लागत से राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल बनाया जाएगाचारों परियोजनाओं के निर्माण की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड को सौंपी गई है। निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है।अस्पतालों के शुरू होने से ग्रामीणों को सामान्य बीमारियों के उपचार के लिए दूरदराज के स्वास्थ्य केंद्रों तक नहीं जाना पड़ेगा। विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को नजदीक में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इन अस्पतालों के निर्माण से सवायजपुर क्षेत्र में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

लाखों खर्च कर बनाया मिनी स्टेडियम, अब घास और झाड़ियों में गुम हुई खेल सुविधाएं

शाहाबाद (हरदोई)। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाए गए मिनी स्टेडियम और खेल मैदान बदहाली का शिकार हैं। शाहाबाद विकासखंड की ग्राम पंचायत आगापुर में लाखों रुपये की लागत से बनाया गया मिनी स्टेडियम इन दिनों घास और झाड़ियों से घिरा हुआ है। निर्माण के बावजूद बच्चों को यहां खेलकूद की बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।ग्रामीणों के अनुसार, करीब तीन-चार वर्ष पूर्व तत्कालीन ग्राम प्रधान अखिलेश कुमार के कार्यकाल में बच्चों के खेलकूद के लिए मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया गया था। इसके लिए बजट और आगणन तैयार कर सरकारी धन खर्च किया गया, लेकिन वर्तमान स्थिति में मैदान की देखरेख और रखरखाव की व्यवस्था नजर नहीं आती। मैदान में खेल उपकरणों का अभाव है और चारों ओर घास तथा झाड़ियां उगी हुई हैं।ग्रामीणों का कहना है कि मिनी स्टेडियम का निर्माण जूनियर हाईस्कूल की बाउंड्री के अंदर एक तरफ दीवार खड़ी कर कराया गया है। विद्यालय खुलने के समय ही स्टेडियम खुलता है और स्कूल बंद होने के साथ ही इसे भी बंद कर दिया जाता है। ऐसे में ग्रामीण बच्चों को स्वतंत्र रूप से खेलकूद का अवसर नहीं मिल पाता। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ।इसी तरह विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मंझूलिला में लाखों रुपये की लागत से बनाया गया खेल मैदान भी बदहाली का शिकार है। ग्रामीणों के मुताबिक, यहां न तो बच्चों के खेलने के लिए उचित व्यवस्था है और न ही खेल गतिविधियों के संचालन की कोई व्यवस्था विकसित की गई है।

विद्या भारती जनशिक्षा परिषद के कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन रहे मुख्य अतिथि

हरदोई। विद्या भारती जनशिक्षा परिषद, हरदोई के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर बघौली में जनपदीय विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और रचनात्मक क्षमता विकसित करने के साथ उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना रहा।कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह एवं प्रीतेश दीक्षित ने सहभागिता की। लखनऊ संभाग के अध्यक्ष रणवीर सिंह की उपस्थिति भी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामशंकर शुक्ला ने की।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अमित गुप्ता, कमलेश कुमार, प्रधानाचार्य, कोषाध्यक्ष रामजी गुप्ता तथा अध्यक्ष रामचंद्र सक्सेना सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।विज्ञान मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी वैज्ञानिक समझ, प्रयोगात्मक ज्ञान और नए विचारों को प्रस्तुत करने का अवसर मिला। अतिथियों ने शिक्षा और विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों की जिज्ञासा और रचनात्मक सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना समय की आवश्यकता है।

रास्ता पूछने के बहाने बुजुर्ग की जेब से 26,500 रुपये उड़ाए

माधौगंज (हरदोई)। रास्ता पूछने के बहाने बाइक सवार उचक्कों ने एक बुजुर्ग को निशाना बनाते हुए उनकी जेब से 26 हजार 500 रुपये पार कर दिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के खंधेरिया गांव, पोस्ट बांसा निवासी मुन्नालाल शुक्ल (76) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 अक्टूबर को वह भवन निर्माण सामग्री खरीदने के लिए घर से 26 हजार 500 रुपये लेकर निकले थे।

माधौगंज चौराहे के पास कुमार मेडिकल स्टोर के सामने बाइक सवार एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें रोककर गौसगंज जाने का रास्ता पूछना शुरू कर दिया।इसी दौरान पीछे से आए उसके साथी ने मौका पाकर बुजुर्ग की जेब से रुपये निकाल लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी बाइक से बिलग्राम की ओर फरार हो गए। कुछ देर बाद जेब से रुपये गायब होने की जानकारी होने पर बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ गई और वह घर लौट गए।अधिक उम्र होने के कारण वह तत्काल थाने नहीं पहुंच सके। बाद में 30 अक्टूबर को उन्होंने माधौगंज थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

खेल मैदान में दिखा प्रतिभाओं का दम, पदक के लिए खिलाड़ियों में कड़ा मुकाबला

सुल्तानपुर। खेल मैदान पर दौड़ते कदम, जीत के लिए जोर लगाते खिलाड़ी और पदक हासिल करने का जुनून। केएनआईएमटी फरीदीपुर परिसर में शनिवार को अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम की 27वीं प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण आगाज हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स की स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन किया।सेवा समर्पण संस्थान से संबद्ध प्रतियोगिता में चुनार, सोनभद्र, गोरखपुर, लखनऊ, प्रयागराज, मिर्जापुर, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, चित्रकूट, बांदा, झांसी, काशी, आजमगढ़ और ललितपुर समेत विभिन्न स्थानों की टीमों ने प्रतिभाग किया। पहले दिन 400 मीटर दौड़ और गोला फेंक स्पर्धाओं में खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।सब जूनियर बालिका वर्ग की 400 मीटर दौड़ में पूनम ने पहला, राजकुमारी ने दूसरा और शबनम ने तीसरा स्थान हासिल किया। जूनियर बालिका वर्ग में हीरामनी प्रथम, पूनम द्वितीय और प्रियंका तृतीय रहीं। गोला फेंक के जूनियर बालिका वर्ग में प्रियंका ने बाजी मारी, जबकि किरण दूसरे और राजकुमारी तीसरे स्थान पर रहीं। सब जूनियर वर्ग में दीक्षा ने पहला और गीता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ के जूनियर वर्ग में विनय ने स्वर्णिम प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। रोशन दूसरे और रोहित तीसरे स्थान पर रहे। सब जूनियर वर्ग में संदीप प्रथम, चंदन द्वितीय और रोहित तृतीय रहे। गोला फेंक के जूनियर वर्ग में सागर ने पहला, रोहित ने दूसरा और कृष्ण कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर वर्ग में पैदम प्रथम, सूरज द्वितीय और मोहित तृतीय रहे।मुख्य अतिथि अयोध्या से आए कमल नयन दास महाराज ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है।राष्ट्र की अखंडता और रामराज्य की स्थापना से ही समाज में सुख और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एसपी सिंह ने की, जबकि संचालन शिवकुमार तिवारी ने किया। इस मौके पर विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश, अखिल भारतीय वनवासी जनजाति के संपर्क प्रमुख मनीराम पाल, वनवासी कल्याण आश्रम की अध्यक्ष सुमन सिंह, प्रांत खेलकूद प्रमुख सूर्यदेव, प्रांत संयोजक वनवासी छात्रावास सुरेंद्र, सह प्रांत संगठन मंत्री रामलखन सिंह, यमुना प्रसाद पांडेय और बलराम मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

सरदार पटेल के आदर्शों पर चलकर जीवन को सार्थक बनाएं

सुल्तानपुर। डी.एस. इंटर कॉलेज, अमहट में राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रतीक, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।कार्यक्रम में सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर उनके जीवन, संघर्ष, राष्ट्र के प्रति समर्पण तथा देश की रियासतों के एकीकरण में उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला गया।

विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती शशि सिंह ने सरदार पटेल के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बनाए रखने का संदेश दिया। प्रधानाचार्या श्रीमती करिश्मा तिवारी ने विद्यार्थियों को उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में श्रीमती सुनीता सिंह, श्रीमती प्रीति मिश्रा एवं अल्फिया खान , संतोष सिंह, सुल्तान साहू, चाहत, फातिमा , मन ताशा,सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया।

रिफॉर्म क्लब में आज से तीन नवम्बर तक लगेगा तीन दिवसीय सरस मेला

रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा उनके द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रिफॉर्म क्लब में दिनांक एक नवम्बर से तीन नवम्बर 2026 तक तीन दिवसीय सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में जनपद के सभी 18 विकास खण्डों की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे।सरस मेले में महिलाओं द्वारा तैयार किए गए दैनिक उपयोग, खाद्य सामग्री, हस्तशिल्प, घरेलू उपयोग एवं अन्य उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध रहेगी। इनमें सेनेटरी पैड, मल्टीग्रेन मसाले, गाय के गोबर से निर्मित उपले, झाड़ू, फिनायल, फाइल कवर, मिठाई के डिब्बे, टॉयलेट क्लीनर, हैंडवॉश, गोंद के लड्डू, हाजमा चूर्ण, स्कूल ड्रेस, सेब का जैम, मोमबत्तियां, चप्पल, साबुन, डिजाइनर सिले हुए कपड़े, मिट्टी के बर्तन, दोना-पत्तल, अचार, जूट बैग, साड़ी, सूट, दुपट्टे, कॉस्मेटिक डलिया, हर्बल साबुन, नमकीन, दीपक, कैरी बैग, लिफाफे, एलईडी बल्ब, झालर सहित विभिन्न प्रकार के उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि सरस मेले का प्रमुख उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को उनके उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना, उनके व्यवसाय को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अवसर प्रदान करना है। इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण महिलाओं की प्रतिभा एवं हुनर को पहचान मिलती है तथा उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को व्यापक स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि सरस मेला जनपद की महिलाओं के लिए अपनी मेहनत, कौशल एवं उद्यमशीलता को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। मेले के माध्यम से महिलाओं को अपने उत्पाद सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने, बिक्री बढ़ाने तथा स्वरोजगार को आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। साथ ही, स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों को बढ़ावा मिलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि वे एक से तीन नवम्बर तक रिफॉर्म क्लब में आयोजित सरस मेले में पहुंचकर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीदारी करें तथा महिला सशक्तीकरण, स्थानीय उद्यमिता और स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने में सहभागी बनें।

रोजगार मेले में 276 विद्यार्थियों का चयन

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना रोजगार मिशन के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय (मॉडल कैरियर सेन्टर) सुलतानपुर एवं आचार्य चाणक्य पी0जी0 कालेज महमूदपुर सेमरी सुलतानपुर के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 31 अक्टूबर-2026 को प्रातः 10ः00 बजे से आचार्य चाणक्य पी0जी0 कालेज महमूदपुर सेमरी सुलतानपुर के परिसर में विधान सभा स्तरीय एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ श्री राजप्रसाद उपाध्याय विधायक जयसिंहपुर द्वारा किया गया।

इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनी यथा अडानी सोलर, ब्लिंकट इमीग्रेशन सिक्योरिटी आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

पुलिस के नेतृत्व में सरदार पटेल जयंती पर एकता दौड़ का आयोजन

लालगंज (रायबरेली)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर लालगंज पुलिस विभाग के नेतृत्व में एकता दौड़ का आयोजन किया गया।थाना प्रभारी लालगंज प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों, छात्र-छात्राओं और स्थानीय नागरिकों ने एकता दौड़ में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की वजह से ही आज हिंदुस्तान का अखंड भारत के रूप में बहुत ही सुंदर स्वरूप है। सरदार पटेल ने रियासतों को मिलाकर भारत को वृहद रूप देने का कार्य किया था जिसके चलते ही उनकी जन्म जयंती पर एकता दौड़ का आयोजन किया गया है।इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो योगदान दिया है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सभी को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह सहित शिक्षक, पुलिस विभाग के सभी उपनिरीक्षक, कांस्टेबल और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

डीएम ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर किया माल्यार्पण

सरदार पटेल जयंती पर कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार क्षेत्र योजना का किया गया शुभारंभ

जनपद मुख्यालय से 15 से 20 किलोमीटर की परिधि में 10 से 25 एकड़ भूमि पर सरदार वल्लभभाई पटेल कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार क्षेत्र स्थापित किए जाने की योजना का शुभारंभ लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज लोक भवन स्थित सभागार में मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। उक्त उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण जनपद के समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) एवं कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को दिखाया गया।

इस अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गोरा बाजार, रायबरेली में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत उनके जीवन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र परमहंस मौर्य, वरिष्ठ कार्यदेशक राजकुमार मौर्य सहित समस्त कार्यदेशक एवं अनुदेशक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कौशल विकास मिशन के जिला प्रबंधक राजीव कुमार सिंह एवं वंदना सिंह भी मौजूद रहीं।

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर विकास भवन के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ हुआ। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व, कृतित्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जीवन देश की एकता, अखंडता, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के विचार और आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के माध्यम से सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करने तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। सभी ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने तथा राष्ट्र की एकता को सुदृढ़ करने के लिए स्वयं को समर्पित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन एसएस पांडेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त उमेश यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

रायबरेली। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वी जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने कलेक्ट्रेट सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के प्रति संकल्पित रहने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों एवं विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनकी दूरदर्शिता, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा आपसी सद्भाव, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के माध्यम से लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने और देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) सहदेव मिश्र, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, उप जिलाधिकारी वीर सिंह, महेश त्रिपाठी, रामेन्द्र मिश्रा सहित कलेक्ट्रेट के कार्मिक उपस्थित रहें।

एक नजर

बारिश के दौरान पेड़ में उतरा करंट, अधेड़ की मौत

जगदीशपुर-अमेठी। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के नियामत का पुरवा मजरे दक्खिनगांव में शनिवार को बारिश के दौरान पेड़ में उतरे बिजली के करंट की चपेट में आने से 56 वर्षीय अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी गौरीशंकर पुत्र माताफेर बारिश के दौरान विद्युत पोल के पास स्थित एक पेड़ के संपर्क में आ गए। बताया जा रहा है कि विद्युत पोल के पास लगे पेड़ में बिजली का करंट उतर आया था। इसी दौरान गौरीशंकर करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में उन्हें बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी घटना की सूचना मिलते ही जगदीशपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं तहसीलदार मुसाफिखाना राहुल सिंह और प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र यादव मामले की जांच में जुटे हैं।

रैली में शामिल होने बड़ी संख्या में कांग्रेसी हुए दिल्ली रवाना

अमेठी। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट बचाओदेश बचाओ महारैली में शामिल होने के लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अगुवाई में अमेठी संसदीय क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शनिवार को दिल्ली के लिए रवाना हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में आयोजित इस महारैली को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और जोश देखने को मिला। जिले के विभिन्न ब्लॉकों नगर क्षेत्रों एवं ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी जनप्रतिनिधि युवा महिला कार्यकर्ता और वरिष्ठ कांग्रेसजन दिल्ली कूच कर रहे हैं।जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि यह महारैली केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि देश के लोकतंत्र संविधान और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा का जनसंकल्प है। वोट की ताकत ही लोकतंत्र की असली ताकत है और इसकी रक्षा के लिए कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी मजबूती से संघर्षरत है। उन्होंने कहा कि अमेठी की धरती से दिल्ली पहुंच रही हजारों कांग्रेसजनों की आवाज लोकतंत्र की रक्षा के संघर्ष को नई ऊर्जा प्रदान करेगी।

फैमिली आईडी योजना में तेजी लाने के निर्देश

अमेठी। जिलाधिकारी शशांक चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में फैमिली आईडी एक परिवार एक पहचान योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन फैमिली आईडी निर्माण में तेजी लाने तथा पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में जिन परिवारों के राशन कार्ड नहीं बने हैं उन परिवारों की फैमिली आईडी प्राथमिकता के आधार पर बनाई जाए। उन्होंने कहा कि राशन कार्डधारक परिवारों को छोड़कर शेष सभी पात्र परिवारों की फैमिली आईडी बनाना सुनिश्चित किया जाए ताकि प्रत्येक परिवार की एक विशिष्ट पहचान स्थापित हो सके और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा सके। जिलाधिकारी ने पूर्व में बनाई गई सिंगल फैमिली आईडी की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ऐसी आईडी को परिवार के अन्य सदस्यों के विवरण के साथ समेकित कर पूर्ण फैमिली आईडी के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परिवार के किसी भी सदस्य का विवरण छूटने न पाए। इसके लिए 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों वयस्कों और नौकरी पेशा व्यक्तियों सहित परिवार के सभी सदस्यों का विवरण चिह्नित करते हुए उन्हें फैमिली आईडी में शामिल करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि फैमिली आईडी के निर्माण एवं अद्यतन के लिए अभियान चलाकर कार्यवाही में तेजी लाई जाए। उन्होंने निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने तथा प्रगति की नियमित समीक्षा करने पर जोर दिया।

नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज

अमेठी। थाना क्षेत्र संग्रामपुर अंतर्गत एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है।मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम थाना क्षेत्र संग्रामपुर के गांव निवासी नाबालिग लड़की एक सुनसान इलाके में गई थी। आरोप है कि इसी दौरान एक नाबालिग युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़िता के परिजनों में हड़कंप मच गया। इसके बाद मामले की सूचना संग्रामपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। पीड़िता के परिजनों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।पुलिस ने आरोपी नाबालिग को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। थाना प्रभारी संग्रामपुर संजय सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि लड़की और आरोपी युवक के बीच पहले से बातचीत होती थी। उन्होंने बताया कि युवक पर लड़की के साथ गलत काम करने का आरोप है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पेंशनर कोषागार में जमा करें अपना जीवन प्रमाण पत्र

अमेठी। वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेन्द्र कुमार ने सूचित किया है कि कोषागार अमेठी से पेंशन आहरित करने वाले समस्त पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों जिनका जीवित प्रमाण पत्र की अवधि समाप्त हो रही है ऐसे समस्त पेंशनर अपने-अपने जीवित प्रमाण पत्रों को ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा का उपयोग अपने स्मार्ट फोन के प्ले स्टोर से आधार फेस आर डी ऐप इंस्टाल करने के बाद प्ले स्टोर से जीवन प्रमाण ऐप इंस्टाल कर उसे खोलकर अपना आवेदन कर जीवन प्रमाण पत्र भेज सकते है तथा भविष्य में भी इस सुविधा का प्रयोग कर अपना जीवित प्रमाण पत्र कोषागार को भेज सकते है।

वैकल्पिक व्यवस्था के तहत लगभग 480 केंद्रों से होगा खाद का वितरण

अमेठी। किसानों को उर्वरकों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा खाद वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सहकारी समितियों के सचिवों की हड़ताल के दृष्टिगत किसानों को उर्वरक प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं को तत्काल प्रभाव से सक्रिय करते हुए वितरण व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में संचालित लगभग 450 निजी उर्वरक रिटेलर तथा आईएफएफडीसी इफको महिला उपभोक्ता केंद्र एवं एग्री जंक्शन सहित कुल लगभग 480 केंद्रों के माध्यम से उर्वरकों का वितरण सुचारू रूप से सुनिश्चित कराया जाए। इन सभी केंद्रों पर यूरिया डीएपी एवं एनपीके की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए उर्वरकों का प्रेषण कराया जा रहा है ताकि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप समय से खाद उपलब्ध हो सके।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

अमेठी। भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के शनिवार को जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को राष्ट्रीय एकता अखंडता और आपसी सद्भाव का संदेश दिया गया।जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई।वहीं मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने जिला अस्पताल गौरीगंज में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए तथा उनसे बातचीत कर उनके स्वास्थ्य और उपचार के संबंध में जानकारी ली। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति सिंह अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमृता सिंह जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वहीं नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में साधना फाउंडेशन की ओर से आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन दर्शन पर व्यापक प्रकाश डाला।